## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–21.12.2024 (संध्या 1900 बजे)

मुख्य समाचार

- केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन की अध्यक्षता में आज राजस्थान के जैसलमेर में 55वीं जीएसटी परिषद की हुई बैठक, झारखंड के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर भी हुए शामिल।
- केंद्रीय रेल एवं सूचना प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने नई दिल्ली में उनहत्तरवें रेल सप्ताह के दौरान दक्षिण पूर्वी मंडल के 7 समेत 101 अधिकारियों को प्रदान किये अतिविशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार।
- चाईबासा में वामपंथी उग्रवाद और नक्सल विरोधी अभियान की उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक जारी, पुलिस महानिदेशक और सीआरपीएफ महानिदेशक की अध्यक्षता में रणनीति पर हो रहा मंथन।
- रांची समेत राज्यभर में बादल छाने से न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी, लोगों को ठंड से मिली थोड़ी राहत, 26 दिसंबर तक मौसम में बड़े बदलाव की संभावना नहीं।
- भारत को आईएसएसएफ जूनियर विश्व कप की मेजबानी का दिया गया अधिकार, राइफल, पिस्टल और शॉटगन प्रतियोगिताओं के आयोजन की भी मिली ज़िम्मेदारी।

**************

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में राजस्थान के जैसलमेर में 55वीं जीएसटी काउंसिल की बैठक संपन्न हुई। बैठक में जीएसटी और टैक्स क्लैब से जुड़े कई अहम मुद्दों पर चर्चा हुई। बैठक में कई राज्यों के मुख्यमंत्रियों और उपमुख्यमंत्रियों के अलावा झारखंड के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर भी शामिल हुए।

**************

केंद्रीय रेल, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी, सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में एक सौ एक समर्पित रेलवे अधिकारियों और कर्मचारियों को विभिन्न क्षेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए अतिविष्टि रेल सेवा पुरस्कार प्रदान किया। इसमें दक्षिण पूर्वी रेलवे जोन के सीनियर सेक्शन इंजीनियर गोपबंधु सेठी, लोको पायलट कमलेश राय, सीनियर डीसीएम विकास कुमार, इंजीनियर अक्षक कुमार नायक, जूनियर इंजीनियर अभिषेक कुमार और रामचंद्र पात्रा तथा मिथुन मंजूनाथ को भारतीय रेलवे में उनके असधारण योगदान के लिए प्रतिष्ठित उनहत्तरवें अतिविशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार 2024 से सम्मानित किया गया।

**************

चाईबासा ज़िले में वामपंथी उग्रवाद के मद्देनज़र, साथ ही नक्सल विरोधी अभियानों की समीक्षा के लिए राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक हो रही है। पुलिस महानिदेशक और सीआरपीएफ महानिदेशक की अध्यक्षता में बैठक कर नक्सल प्रभावित जिलों के रणनीति पर मंथन किया जा रहा है।

**************

हजारीबाग पुलिस और वन विभाग द्वारा अफीम की अवैध खेती के खिलाफ कार्रवई करते हुए कटकमसांडी के गुरूडीह से छापेमारी कर करीब 3 एकड़ 88 डिसमिल जमीन में किये गए अफीम की खेती को नष्ट किया गया। हज़ारीबाग़ पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि ज़िले में अफीम की खेती करने वाले लोगों को चिन्हित करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है और ऐसे लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**************

खूंटी जिले में भी बढ़ते अवैध अफीम की खेती पुलिस प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती बनती जा रही है। इसे लेकर खूंटी पुलिस के नेतृत्व में अड़की प्रखंड क्षेत्र के ग्राम प्रधानों, मुखिया, पंचायत सेवक, चौकीदारों सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक की गई। मौके पर एसपी अमन कुमार ने जनप्रतिनिधियों से नशे के खिलाफ चल रही इस मुहिम में साथ देने की अपील करते हुए अफीम की खेती करने वालों के डिटेल्स उपलब्ध कराने और अफीम की खेती को नष्ट करने की दिशा में कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

**************

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा ने आज सरकार के 100 दिवसीय गहन टीबी उन्मूलन अभियान पर सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों और स्वास्थ्य मंत्रियों के साथ एक बैठक की। श्री नड्डा ने अभियान की प्रगति की निगरानी के लिए मुख्यमंत्रियों के समर्थन का अनुरोध किया। उन्होंने सामुदायिक गतिशीलता सुनिश्चित करने के लिए विधान सभाओं और परिषदों के सदस्यों के समर्थन को भी प्रोत्साहित किया।

**************

राजधानी रांची में आज प्रदेश कांग्रेस कमिटी की ओर से विधानसभा चुनाव में मिली सफलता और सरकार गठन के बाद संगठन के नेता और कार्यकर्ताओं का आभार प्रकट करने के लिए आभार समागम का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के नेतृत्व में इस समागम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर उपस्थित हुए। पत्रकारों से बातचीत करते हुए पार्टी प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा कि विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस और गठबंधन के सहयोगियों पर राज्य की जनता ने भरोसा किया और उन्हें जीत दिलाई।

**************

कोडरमा जिले में नगर निकाय चुनाव को लेकर अटकलें तेज हो गई है।

**************

बोकारो जिले में परिवहन पदाधिकारी ने जिले में संचालित विद्यालयों को स्कूल बसों के फिटनेस और आवश्यक कागजात जल्द से जल्द दुरूस्त कराने का निर्देश दिया है।

**************

रांची समेत राज्यभर में बादल छाने से न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी हुई है। इससे लोगों को ठंड से थोड़ी राहत मिली है। मौसम विभाग ने 26 दिसंबर तक मौसम में किसी बड़े बदलाव की संभावना से इनकार किया है। मौसम विज्ञान केन्द्र रांची के निदेशक अभिषेक आनंद ने बताया कि इस दौरान कई क्षेत्रों में घना कोहरा देखने को मिल सकता है।

**************

भारत को आईएसएसएफ जूनियर विश्व कप की मेजबानी का दिया गया अधिकार, राइफल, पिस्टल और शॉटगन प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा।नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय आयोजनों की मेजबानी के अधिकार मिलने से भारत को दुनिया में खेल के शीर्ष स्थलों में से एक जगह दी है। गौरतलब है कि 2023 में भोपाल में सीनियर विश्व कप और इस साल अक्टूबर में विश्व कप फाइनल के बाद, हाल के दिनों में यह देश का तीसरा शीर्ष आईएसएसएफ जूनियर विश्व कप आयोजन होगा।

******समाप्त******